# शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर
# अनूपपुर(म.प्र.)

दिनांक -30/04/2023



## ***प्रतिवेदन***

## विश्व धरोहर दिवस पर शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन-

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के इतिहास विभाग द्वारा दिनांक 18 अप्रैल 2023 को विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का उद्देश्य विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर, विद्यार्थियों में अपनी विरासत की महत्वपूर्णता को समझने और संरक्षित करने की समझ विकसित करना था। इस प्रतियोगिता में 94 विद्यार्थियों ने विश्व धरोहर दिवस से संबंधित विभिन्न सवालों के जवाब देकर ई- प्रमाण पत्र प्राप्त किए।


इसी तारतम्य में दिनांक 26 अप्रैल 2023 को विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर इतिहास विभाग एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वाधान में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय **" भारत एवं विश्व के महत्वपूर्ण विरासत स्थल"** रखा गया था । इस अवसर पर तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ.जे.के.संत के द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि विश्व धरोहर दिवस पर हम सभी को हमारी संस्कृति और इतिहास की महत्वपूर्ण विरासत के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। धरोहर हमारी संस्कृति का अमूल्य अंग हैं, जो हमारे पूर्वजों ने हमें संरक्षित करके दी हैं। हम पर इन धरोहरों को संरक्षित रखने का दायित्व है, ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी उन्हें विरासत के रूप में दे सकें।

तुलसी महाविद्यालय के आइक्यूएसी के नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी के द्वारा विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि विरासत स्थलों की देखरेख और उन्हें संरक्षित किया जाना अनिवार्य हैं ,यह मानव जाति की अनमोल संपत्ति है।

इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम धांडे ने विद्यार्थियों को कर्तव्य बोध कराते हुए कहा कि, हमारी धरोहर हमारी अद्‌भुत इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कला के बारे में हैं। हमें यह समझना चाहिए कि हमारे संस्कृति और इतिहास की रक्षा और संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में **सेजल गुप्ता (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष) ने प्रथम, इच्छा गौतम (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय, पूजा साहू (बी.ए.प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान** प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को ई-प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में डॉ. आकांक्षा राठौर, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, एवं प्रो. विनोद कुमार कोल, सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र ने निर्णायकों की भूमिका का निर्वहन किया । पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रीति वैश्य,प्रभारी सांस्कृतिक समिति एवं प्रो. पूनम धांडे, सहायक प्राध्यापक इतिहास के द्वारा किया गया ।





धरोहर दिवस 18अप्रैल 2023 All changes saved in Drive Send

Questions Responses 94 Settings Total points: 20

Section 1 of 2

Online Quiz on World Heritage Day

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में इतिहास विभाग द्वारा 18 अप्रैल 2023 विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में पर्यटन जागरूकता बढ़ाने हेतु महाविद्यालय स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमे 80 % से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा ।

डॉ. जे.के. संत
प्राचार्य एवं संरक्षक

पूनम धांडे
सहायक प्राध्यापक (इतिहास)

Email *
Valid email
This form is collecting emails. Change settings


पूरा नाम *
Short answer text

महाविद्यालय का नाम *
Short answer text

कक्षा *
1. बी.ए. प्रथम वर्ष
2. बी.ए. द्वितीय वर्ष
3. बी.ए. तृतीय वर्ष
4. बी.एस.सी. प्रथम वर्ष

ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के छायाचित्र








प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थीगण



शासकीय तुलसी महाविद्यालय
अनूपपुर(म.प्र.)
प्रमाण पत्र
विश्व धरोहर दिवस अप्रैल 2023

प्रमाणित किया जाता है कि शासकीय तुलसी महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर 26 अप्रैल 2023 को आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में ....... ने ....... स्थान प्राप्त किया।
उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं सहित!

**पूनम धांडे**
**संयोजक**

**डॉ.जे.के.संत**
**प्राचार्य एवं संरक्षक**

विद्यार्थियों को प्रदान किए गये ई -प्रमाण पत्र


Govt. Tulsi College Anuppur (M.P.)
Department of History

CERTIFICATE
This certificate is proudly presented to
{{full name}}
{{other identifier}}
has completed
{{title}}
on {{date}}, with a passing score of {{percent}}
Certificate ID {{certificate id}}

CONVENOR
PRINCIPAL

**भूमिका भास्कर**
www.bhumikabhaskar.com
E-Paper
शुक्रवार, 28 अप्रैल 2023

# हमारी विरासत अमूल्य धरोहर : डॉ. जे.के.संत

**भूमिका संवाददाता, अनूपपुर**

विश्व धरोहर संरक्षण दिवस के अवसर पर शासकीय तुलसी महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ.जे.के.संत के द्वारा इस दिवस को मनाने का उद्देश्य,पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के महत्त्व,उनके अस्तित्व के सम्भावित खतरों व उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके बताया गया। तुलसी महाविद्यालय के आइक्यूएसी के नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्र बागरी के द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि,



निस्संदेह विरासत स्थलों की देख-रेख और उन्हें संरक्षित किया जाना चाहिए, वे मानव जाति के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। विद्यार्थी अपने ऐतिहासिक धरोहर एवं विरासत के बारे में जान सकें,इस उद्देश्य के साथ इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष पूनम धांडे के द्वारा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में भारत एवं विश्व के प्रमुख विरासत स्थलों से संबंधित सवाल विद्यार्थियों से पूछे गए और विद्यार्थियों ने बड़ी रूचि के साथ प्रश्नों के उत्तर देकर ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के द्वारा भारत के महत्वपूर्ण विरासत स्थलों को दर्शाया गया। विद्यार्थियों में अपने इतिहास के विरासत का संरक्षण करना अति आवश्यक है। इस वर्ष के विश्व धरोहर दिवस की थीम विरासत परिवर्तन है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## समाचार पत्र में प्रकाशित समाचारों की छायाप्रति

**Raajdhani News**
All Posts




**अनूपपुर।** विश्व धरोहर संरक्षण दिवस के अवसर पर शासकीय तुलसी महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ.जे.के.संत के द्वारा इस दिवस को मनाने का उद्देश्य,पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के महत्त्व,उनके अस्तित्व के सम्भावित खतरों व उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके बताया गया। तुलसी महाविद्यालय के आइक्यूएसी के नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्र बागरी के द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि, निस्संदेह विरासत स्थलों की देख-रेख और उन्हें संरक्षित किया जाना चाहिए, वे मानव जाति के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। विद्यार्थी अपने ऐतिहासिक धरोहर एवं विरासत के बारे में जान सकें,इस उद्देश्य के साथ इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष पूनम धांडे के द्वारा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में भारत एवं विश्व के प्रमुख विरासत स्थलों से संबंधित सवाल विद्यार्थियों से पूछे गए और विद्यार्थियों ने बड़ी रुचि के साथ प्रश्नों के उत्तर देकर ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के द्वारा भारत के महत्वपूर्ण विरासत स्थलों को दर्शाया गया। विद्यार्थियों में अपने इतिहास के विरासत का संरक्षण करना अति आवश्यक है। इस वर्ष के विश्व धरोहर दिवस की थीम विरासत परिवर्तन है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रचार प्रसार –

महाविद्यालय वेबसाइट लिंक-gtcanuppur.ac.in

मीडिया लिंक-https://raajdhaninews.com/archives/11103

फेसबुक लिंक -
https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=766428661550540&id=100045502399397&mibextid=Nif5oz

**संयोजक**
**प्रो. पूनम धांडे**

**प्राचार्य**
**शासकीय तुलसी महाविद्यालय**
**अनुपपुर**